Seventeenth Loksabha

p>

Title: Demand to increase the annual income limit of poor people to Rs. 50,000/- for their pension eligibility and fix pension amount to Rs. 3000/- per month.

श्री ओम पवन राजेनिंबालकर (उस्मानाबाद): सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य प्रहर में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं सभागृह का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि जो निराधार और निर्धन लोग हैं, उनको अगर पेंशन देनी है, तो उनकी वार्षिक आय 21 हजार रुपये से कम होनी चाहिए, तभी वह पेंशन के लिए पात्र होता है । मेरी आपके माध्यम से सरकार से यह मांग है, दरख्वास्त है कि जो वार्षिक आय 21 हजार रुपये है, वह बढ़ा कर 50 हजार रुपये कर दी जाए । जो पेंशन केंद्र सरकार के माध्यम से उन निराधार और निर्धन लोगों को दी जाती है, वह भी बढ़ा कर कम से कम 3 हजार रुपये की जाए । यह मेरी मांग है ।